अनुक्रमांक .....मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 12

नाम.....

102 **302 (DI)**

2021

हिन्दी

समय : तीन घंटे 15 मिनट] *[पूर्णांक : 100*

निर्देश :

(i) *प्रारंभ15मिनट परीक्षार्थियोंको प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।*

(ii) *इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं । दोनों खण्डों के सभी प्रश्नों के उत्तर देना आवश्यक है।*

(खण्ड - क)

1. (क) ' शिक्षा का उद्देश्य ' निबन्ध के लेखक हैं- 1

(i) भारतेन्दु हरिश्चन्द (ii) सम्पूर्णानन्द

(ii) मोहन राकेश (iv) रामकृष्ण दास

(ख) लल्लू लाल की रचना है : 1

(i) सुख सागर (ii) प्रेम सागर

(iii) परीक्षा गुरू (iv) रानी केतकी की कहानी

(ग) ' परदा ' कहानी के लेखक हैं : 1

(i) प्रेमचन्द (ii) जयशंकर

(iii) अमरकान्त (iv) यशपाल

(घ) ' आवारा मसीहा ' के रचनाकार हैं : 1

(i) विष्णु प्रभाकर (ii) रामवृक्ष बेनीपुरी

(iii) राहुल सांकृत्यायन (iv) रांगेय राघव

(ङ) ' बाणभट्ट की आत्मकथा ' के लेखक हैं : 1

(i) महावीर प्रसाद द्विवेदी (ii) सरदार पूर्ण सिंह

(iii) वासुदेव शरण अग्रवाल (iv) हजारी प्रसाद द्विवेदी

2. (क) ' कामायनी ' किस युग की रचना है : 1

(i) द्विवेदी युग (ii) छायावादी युग

(iii) भारतेन्दु युग (iv) प्रगतिवाद युग

(ख) निम्नलिखित कवियों में से कौन प्रगतिवादी युग का है : 1

(i) अग्रदास (ii) तुलसीदास

(ii) नन्ददास (iv) रामधारी सिंह ' दिनकर '

(ग) ' तारसप्तक ' का प्रकाशन वर्ष है : 1

(i) 1944 ई ० (ii) 1943 ई ०

(ii) 1954 ई ० (iv) 1947 ई ०

(घ) द्विवेदीयुग की रचना नहीं है : 1

(i) प्रियप्रवास (ii) साकेत

(iii) भारत – भारती (iv) कामायनी

(ङ) निम्नलिखित में से कौन सी कृत महाकाव्य नहीं है : 1

(i) रामचरित मानस (ii) साकेत

(iii) पद्मावत (iv) लहर |

3. दिये गये गद्यांश आधारित निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

धरती माता की कोख में जो अमूल्य निधियाँ भरी हैं जिनके कारण वह वसुन्धरा कहलाती है उससे कौन परिचित न होना चाहेगा ? लाखों करोड़ों वर्षों से अनेक प्रकार की धातुओं को पृथ्वी के गर्भ में पोषण मिला है । दिन - रात बहने वाली नदियों ने पहाड़ों को पीस - पीस कर अगणित प्रकार की मिट्टियों से पृथ्वी की देह को सजाया है । हमारे । भावी आर्थिक अभ्युदय के लिए इन सबकी जांच - पड़ताल आवश्यक है ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

(ii) धरती बसुन्धरा क्यों कहलाती हैं ?

(iii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(iv) पृथ्वी की देह को किसने सजाया है ?

(v) भावी आर्थिक अभ्युदय हेतु हमें क्या करना चाहिए ?

अथवा

अशोक का फूल उसी मस्ती में हंस रहा है । पुराने चित्र से इसे देखने वाला उदास होता है । वह अपने को पण्डित समझता है । पंडिताई भी एक बोझ है- जितनी ही भारी होती है , उतनी ही तेजी से डुबोती है । जब वह जीवन का अंग बन जाती है तो सहज हो जाती है । तो वह बोझ नहीं रहती । वह उस अवस्था में उदास भी नहीं करती । कहाँ ! अशोक का कुछ भी नहीं बिगड़ा है । कितनी मस्ती में झूम रहा है ? कालिदास इसका रस ले सके थे- अपने ढंग से । मैं भी ले सकता हूँ , अपने ढंग से । उदास होना बेकार है ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का संदर्भ लिखिए ।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(iii) लेखक क्यों कहता है कि उदास होना बेकार है ।

(iv) गद्यांश का भाव स्पष्ट कीजिए ?

(v) गद्यांश की भाषा - शैली की विशेषताएँ लिखिए ।

4. दिये गये पद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $5 \times 2 = 10$ "

दुर्बलता का ही चिहन विशेष शपथ है ,

पर , अबलाजन के लिए कौन - सा पथ है ?

यदि मैं उकसाई गयी भरत से होऊँ ,

तो पति समान ही स्वयं पुत्र भी खोऊँ ।

ठहरो , मत रोको मुझे , कहूँ सो सुन लो ।

पाओ यदि उसमें सार उसे सब चुन लो ।

करके पहाड़ सा पाप मौर रह जाऊँ ?

राई भर भी अनुताप न करने पाऊँ ? "

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

(ii) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए ।

(ii) ' करके पहाड़ - सा पाप मौन रह जाऊँ ? राई भर भी अनुताप न करने पाऊँ ? " पंक्तियों में कौन - सा अलंकार है ।

(iv) पद्यांश का भाव स्पष्ट कीजिए ।

(v) भाषा की विशेषताएँ बताओ ।

अथवा

लज्जाशीला पथिक महिला जो कहीं दृष्टि आये ।

होने देना विकृत वसना तो न तू सुन्दरी को ।।

जो थोड़ी सी श्रमिक वह हो गोद ले श्रान्ति खोना ।

होठों की औ कमल - मुख की म्लानताएं मिटाना ।।

कोई क्लान्ता कृषक ललना खेत में जो दिखावै ।

धीरे - धीरे परस उसकी क्लान्तियों को मिटाना ।।

जाता कोई जलद यदि हो ब्योम में तो उसे ला ।

छाया द्वारा सुखित करना तप्त भूतांगना को ।।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(iii) लज्जाशील पथिक महिला के विषय में क्या कहना चाहती हैं ?

(iv) ' होठों की औ कमल - मुख ' में अलंकार बताइये ।

(v) ' जलद ' और ' कृषक - ललना ' का अर्थ बताइए ।

5. (क) निम्नलिखित में किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचना का उल्लेख कीजिए- (शब्द सीमा अधिकतम -80) : (3 + 2 = 5)

(i) आ० हजारी प्रसाद द्विवेदी

(ii) ए० पी० जे० अब्दुल कलाम

(iii) वासुदेवशरण अग्रवाल

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय देते उनकी प्रमुख कृतियों पर प्रकाश डालिए : (शब्द सीमा अधिकतम -80) (3 + 2 = 5)

(i) मैथिलीशरण गुप्त

(ii) सुमित्रानन्दन पंत

(ii) रामधारी सिंह ' दिनकर ' ।

6. ' बहादुर ' अथवा ' पंचलाइट ' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिये । 5

(अधिकतम शब्द सीमा अधिकतम -80)

अथवा ' ध्रुवयात्रा ' कहानी की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए ।

7. स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर किसी एक खण्ड के एक प्रश्न का उत्तर दीजिए । 5

(अधिकतम शब्द सीमा अधिकतम -80)

(i) ' श्रवण कुमार ' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र - चित्रण कीजिए ।

अथवा ' श्रवण कुमार ' खण्डकाव्य के आधार पर दशरथ का चरित्र - चित्रण कीजिए ।

(ii) " रश्मिरथी ' खण्डकाव्य के आधार पर ' कर्ण ' का चरित्र - चित्रण कीजिए ।

अथवा ' रश्मिरथी ' खण्डकाव्य के आधार पर ' कर्ण ' का चरित्र - चित्रण कीजिए ।

(iii) ' मुक्तियज्ञ ' खण्डकाव्य का कथानक संक्षेप में लिखिए ।

' मुक्तियज्ञ ' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र - चित्रण कीजिए ।

(iv) ' त्यागपथी ' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

' त्यागपथी ' खण्डकाव्य के आधार पर हर्षवर्द्धन का चरित्र - चित्रण कीजिए ।

(v) ' आलोकवृत्त ' खण्डकाव्य का नायक कौन है ? उसका चरित्र चित्रण कीजिए

अथवा ' आलोकवृत्त ' की कथावस्तु पर प्रकाश डालिए ।

(v) ' सत्य की जीत ' खण्डकाव्य के आधार पर द्रोपदी का चरित्र - चित्रण कीजिए ।
अथवा ' सत्य की जीत ' खण्डकाव्य की कथावस्तु लिखिए ।

खण्ड- (ख)

8. (क) दिये गये संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का संसदर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए

2 + 5 = 7

महामना विद्वान वक्ता , धार्मिको नेता , पटुः पत्रकारश्चासीत् । परमस्य सर्वोच्चगुण जनसेवैव आसीत् । यत्र कुत्रापि अयं जनानं दुःखितान् पीड्यमानांश्चापश्यत् तत्रैव सः शीघ्रमेव उपस्थितः सर्वविधं साहाम्यञ्च अकरोत । प्राणिसेव अस्य स्वभाव एवासीत् ।

अथवा

हंसराजः तदैव परिष - मध्य आत्मनः भागिनेपाप हंसपोतकाय दुहितरमक्षत् । मयूरो हंसपोतिकायप्राप्य लज्जितः । तस्मात ! स्थानात् पलायितः हंसराजोऽपि हृष्टमानसः स्वगृहम् अगच्छत् ।

(ख) दिये गये पद्यांशों में से किसी एक का ससंदर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

2 + 5 = 7

नमे रोचते भद्रं व : उलूकस्यामिवेचनम् ।

अक्रुद्धस्य मुखं पश्य कथं कुद्धो भविष्यति ।।

अथवा

परोक्षे कार्य हत्तारं प्रत्यक्षेप्रियवादिनम् ।

वर्जयेत्तादृशं मित्र विषकुम्भं पयोमुखम् ।।

9. निम्नलिखित मुहावरों में से किसी एक का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :

(1 + 1 = 2)

(i) घर का भेदी लंका ढाए

(ii) आम के आम गुठलियों के दाम

(iii) दाल में काला होना

(iv) घर की मुर्गी दाल बराबर

10.(क) निम्नलिखित शब्दों के संधि - विच्छेद के सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1 + 1 + 1 = 3)

(i) तथापि ' का संधि - विच्छेद है :

(A) तथ + पि (B) तथा + अपि

(C) त + थापि (D) तथ् + अपि

(ii) ' परमेश्वरः ' का संधि - विच्छेद है :

(A) पर + ईश्वरः (B) परम + एश्वर

(C) परम + ईश्वरः (D) परे + मेश्वर

(iii) ' गायकः का संधि - विच्छेद है :

(A) ग + आयकः (B) गा + यक :

(C) गै + अक : (D) गाय + कः ।

(ख) दिये गये निम्नलिखित शब्दों की ' विभक्ति ' और ' वचन ' पहचानिए : 1 + 1 = 2

(i) आत्मनः ' में विभक्ति और वचन है :

(A) षष्ठी विभक्ति , एकवचन (B) सप्तमी विभक्ति , एकवचन

(C) पंचमी विभक्ति , बहुवचन (D) पंचमी विभक्ति , एकवचन

(ii) ' नाम्नान् ' में विभक्ति और वचन है :

(A) षष्ठी विभक्ति , एकवचन (B) सप्तमी विभक्ति , बहुवचन

(C) षष्ठी विभक्ति , बहुवचन (D) चतुर्थी विभक्ति , बहुवचन ।

11. (क) निम्नलिखित शब्द - युग्मों का सही अर्थ चयन करके लिखिए : 1 + 1 = 2

(i) वसन : व्यसन-

(A) विवश और व्याकुल (B) कवच और भोजन

(C) वस्त्र और आदत (D) विस्तार और अवधि

(ii) अम्बुज – अम्बुद :

(A) बादल और समुद्र (B) जल और कमल

(C) कमल और बादल (D) समुद्र और कमल ।

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो अर्थ लिखिए : 2

(i) अम्बर (ii) विधि (iii) नाग

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक ' शब्द ' का चयन करके लिखिए : 2

(i) जो आँखों के सामने हो –

(A) नेत्र सम्मुख (B) प्रत्यक्ष

(C) आँख के आगे (D) प्रत्येक आँख

(ii) ' जानने की इच्छा रखने वाला-

(A) जानकार (B) ज्ञानी

(C) जिज्ञासु (D) बुद्धिमान ।

(घ) निम्नलिखित में से किन्ही दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : 1 + 1 = 2

(i) तुम तो कुर्सी पर बैठे हैं ।

(ii) इस सरोवर में अनेकों कमल खिले हैं ।

(iii) सम्मेलन में कवियित्री ने भाग लिया है ।

(iv) कृपया अनुमोदन करने की कृपा करें ।

12.(क) “ वीर रस ’ अथवा ’ हास्य रस का स्थायी भाव के साथ उदाहरण अथवा परिभाषा लिखिए । 1 + 1 = 2

(ख) ’ श्लेष ’ अथवा ’ उत्प्रेक्षा अलंकार का लक्षण अथवा उदाहरण लिखिए ।

1 + 1 = 2

(ग) “ दोहा ’ अथवा ’ सोरठा ’ छन्द का मात्रा सहित लक्षण तथा उदाहरण लिखिए ।

1 + 1 = 2

13. बैंक में खाता खोलने के लिए बैंक प्रबन्धक को आवेदन / प्रार्थना पत्र लिखिए । 6

अथवा

शहर में फैली संक्रामक बीमारी की तरफ जिलाधिकारी का ध्यान आकर्षित करने के लिए आवेदन पत्र / प्रार्थना पत्र लिखिए ।

14.निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर अपनी भाषा शैली में निबन्ध लिखिए ।

2 + 7 = 9

(i) देश में बेरोजगारी की समस्या

(ii) आतंकवाद की समस्या और समाधान

(iii) वृक्षारोपण का महत्व

(iv) विद्यार्थी और राजनीति

(v) देश की समृद्धि और विकास में समाचार - पत्रों की भूमिका ।